हीरे--मोती

मामेकम् शरणम् व्रज

अर्जुन एक मात्र मेरी शरण में आ जा ।

(गीता-१८-६६)

संग्रह-कर्त्री

घर-घर गीता-प्रवचन कथा-सत्संग की धूम मचाने वाली, हर घड़ी हरिनामगुण ...पकाई परायणा, साधु-...का, आधुनिक मीरा, ...लक्ष्मी देवी गोगिया

मूल्य एक-रुपया मात्र ।

हीरे - मोती

—: मुद्रक तथा प्रकाशक :—
श्री गीता मुद्रणालय
कार्यालय—'गीता सन्देश' मासिक, गीता-आश्रम
पो० स्वर्गाश्रम, हृषीकेश, उ० प्र०
फोन नं० १२६

...र २००० प्रतियां

हीरे - मोती

—: मुद्रक तथा प्रकाशक :—

श्री गीता मुद्रणालय
कार्यालय—'गीता सन्देश' मासिक, गीता-आश्रम
पो० स्वर्गाश्रम, हृषीकेश, उ० प्र०
फोन नं० १२६

...र २००० प्रतियां

विषय सूची

॥ ॐ श्री सीतारामाय नमः ॥

नम्र-निवेदन—

कलियुग केवल नाम अधारा ।
सुमिरि सुमिरि नर उतरहिं पारा ॥

मोह-माया की गहरी निद्रा में सोया हुआ जीव कहीं अचानक जाग उठे, यह किसी पुण्य का फल है। और जागकर प्रभु-भजन का शौक हृदय को प्रेरित कर दे, यह तो बहुत ही पुण्यों का फल है। और कहीं भजन करने की लौ मन में जागृत हो जाये तो यह महान् पुण्यों और प्रभु की अपार कृपा का फल है।

धन्य हैं वे प्राणी जिनका मन इस नश्वर दुःखरूपी संसार से हटकर सच्चिदानन्द प्रभु के पावन नाम में प्रेम विभोर हो रहा है। सभी सन्तों, महर्षियों ने नाम की महिमा का बहुत ही गुणगान किया है। सन्त कबीर एक पद में कहते हैं—'मन लागो मेरो राम फकीरी में, जो सुख पाऊं नाम भजन में सो सुख नाहिं अमीरी में। भक्त रैदास को जब इस रस की अनुभूति हुई तो गा उठे—'अब कैसे छूटे नाम रट लागी।'

दीवानी मीरा के हृदय में जब प्यारे श्यामसुन्दर की लौ जाग उठी तो वह रुक न सकी। पांव में घुंघरू बांधे वह भागी जो कभी राजमहल की रानी कहलाती थी। लोक-लाज, रिश्ते-नाते तोड़ उन महलों से निकल पड़ी। हाथ में इकतारा लिए नयनों में प्यारे प्रीतम के दर्शन की प्यास लिए गली-गली में उन्मत्त हुई गाती फिरती थी "मेरी गैल न रोकियो कोई मैं अपने पिय के चली" और फिर उसने स्पष्ट शब्दों में कह दिया 'मेरे तो गिरधर गोपाल दूसरो न कोई" भगवन्नाम संकीर्तन के प्रभाव से उसका रोम-रोम अन्तर बाहर सभी पावन हो गया। वह इतनी पावन हो गई कि प्रभु ने उसे इस भौतिक शरीर सहित अपनी दिव्य ज्योति में समा लिया हमारे दिल में भी वही दर्द पैदा हो जिससे वह प्यारा हमसे मिलने के लिये मजबूर हो जाये।

नाम संकीर्तन से बढ़कर दुनियां में और कोई योग नहीं, जो मनको प्रभु के पावन चरणों से जोड़ सके। वह प्राणी धन्य है जो प्यारे की याद में तन्मय है। एक बार स्वयं अर्पण करके तो देखो, केवल बातों से काम नहीं चलेगा। बाहरी आडम्बर को छोड़कर अन्तर से उसका होना है। मनमानी करके संसार का रस तो ले

लिया, अब जरा प्रभु-नाम के रस का भी आनन्द लो। पता नहीं यह दुर्लभ मानव देह फिर प्राप्त हो या न हो।

यही वे भजन हैं जिनके स्वर और भाव मेरे रोम रोम में समाया हुआ है। जिनकी गहराई में मन डूबता ही जा रहा है। जीवन में यह लौ कहां से और कैसे लगी यह तो मैं स्वयं नहीं जानती। हां इतना अवश्य जान पाई हूं कि अन्दर से कोई बैजन्तो इस मन वीणा के तारों को झंकृत कर रही है, जिसकी स्वर लहरियां जब भाव सहित वाणी से बाहर आती हैं तो मैं मुग्ध हो जाती हूं। मुझे शौक सुनानें का नहीं अपितु सुनने का है। यह उन्हीं श्री सतगुरु १००८ स्वामी वेदव्यासानन्द जी महाराज का प्रसाद है। भाव भी उन्हीं का, स्वर भी उन्हीं का शब्द भी उन्हीं का है। यह पावन भजन रूपी हीरे-मोती का संग्रह रघुकुल शिरोमणि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के चरण-कमलों में नतमस्तक हो समर्पित कर रही हूं। प्रभु स्वीकार करें।

आशा है कि भक्तजन इस भजनावली को पढ़कर प्रभु भक्ति का लाभ उठायेंगे और अपना जीवन सफल बनायेंगे।

—लक्ष्मी गोगिया

* ॐ *

॥ श्री परमात्मने नमः ॥

* मंगलाचरण *

★

ॐ भद्रं कर्णेभिः श्रृणुयाम देवा
भद्रं पश्येमाक्षभिर्यजत्राः ।
स्थिरैरङ्गैस्तुष्टुवा ँ सस्तनूभि,
र्व्यशेमहि देवहितं यदायुः ॥१॥

ऋ० १, ८६, ८

अर्थ—यजन करने के योग्य हे देव ! हम अपने कानों से कल्याण सुनें, नेत्रों से कल्याण देखें, अपने स्थिर अङ्ग और दृढ़ शरीर से स्तवन करें। देवों ने हमारे हित के लिए जो आयु निर्माण की है उसको हम प्राप्त करें।

ॐ शनो मित्रः। शं वरुणः शंनोभवत्वर्यमा। शं न इन्द्रो वृहस्पतिः। शं नो विष्णुरुरुक्रमः। नमो ब्रह्मणे, नमस्ते वायो। त्वमेव प्रत्यक्षं ब्रह्मासि। त्वामेव प्रत्यक्षं ब्रह्म वदिष्यामि। ऋतं वदिष्यामि। सत्यं वदिष्यामि। तन्मामवतु। तद्वक्तारमवतु। अवतु माम्। अवतु वक्तारम्।

॥ ॐ शान्तिः शान्तिः शान्तिः ॥

मित्र हमें सुखकर हो। वरुण हमें सुखकर हो अर्यमा हमें सुख कर हो। इन्द्र और बृहस्पति सुखकर हों। विशाल पराक्रम वाले विष्णु सुखकर हों। ब्रह्मको नमस्कार है। हे वायो! आपको नमस्कार। आप ही प्रत्यक्ष ब्रह्म हैं। मैं आपको ही प्रत्यक्ष ब्रह्म कहूंगा। मैं ऋत सदाचारसे वचन कहूंगा। मैं सत्य सिद्धान्त कहूंगा। वह मेरा रक्षण करे- वह वक्ता का रक्षण करे। वह मेरा एवं वक्ता का रक्षण करे।

यं ब्रह्मा वरुणेन्द्ररुद्रमरुतः स्तुन्वन्ति दिव्यैः स्तवै-
र्वेदैः साङ्गपदक्रमोपनिषदैर्गायन्ति यं सामगाः।
ध्यानावस्थिततद्गतेन मनसा पश्यन्ति यं योगिनो,
यस्यान्तं न बिदुः सुरासुरगणा देवाय तस्मै नमः॥

अर्थ—ब्रह्मा, वरुण, इन्द्र, रुद्र और वायु आदि देवता दिव्य स्तुतियों द्वारा जिनका स्तवन करते हैं। सामवेद का गान करनेवाले विद्वान अंग, पद, क्रम और उपनिषदों के सहित वेदों से जिनका यशोगान करते हैं। योगी लोग ध्यान में स्थिर किये हुए, तद्गत चित्त से जिनका साक्षात्कार करते हैं, देवता और असुर भी जिनका अन्त नहीं जानते, उन परमात्म देव श्री कृष्ण को नमस्कार है।

श्रीमती लक्ष्मी गोगिया जी की

❋ संक्षिप्त जीवनी ❋

★

इनका जन्म १९२६ में पंजाब के जिला डेरागाजी खां में हुआ। इनके पिता का नाम श्रीमान नोतन दास जी नागिया था। यह चार वर्ष की ही थीं कि इनकी माता स्वर्ग सिधार गईं। इनके पिता जो सन्त सेवक और दीन दुखियों की सेवा करने वाले और परोपकारी थे। उनका सारा जीवन परमार्थ में व्यतीत हुआ।

यही भाव लक्ष्मी जी के हृदय में भी उदधृत हुआ। इन्होंने पांच कक्षायें स्कूल में पढ़ी और पिता जी से आगे पढ़ने की कई बार इच्छा प्रगट की। पिता जी आशीर्वाद देते रहे। 'बेटा! तुम सच्ची पढ़ाई पढ़ जाओगी।' सन् १९६० में इनको सनातन धर्म मन्दिर ईस्ट पटेल नगर दिल्ली में श्री सतगुरुदेव स्वामी वेदव्यासानन्द जी के दर्शन हुए। गुरु जी की गीता अमृत वाणी का श्रवण पान कर इनका हृदय गदगद हुआ। श्री गुरुजी की अति कृपा से इनको गीता के सुनने एवं सुनाने का अभ्यास हो गया। गुरु जी का सन्देश है—

'गीता माता सारे विश्व के लिए है इसके सन्देश को जीवन में ढालने से जीवका कल्याण है।

पूज्य सद्गुरुदेव के गीता-ज्ञानोपदेश से एवं गीता-माता के स्वाध्याय से आपको सच्चे सुख एवं शान्ति की अद्भुत अनुभूति हुई और आपने अपने सम्पूर्ण जीवनको सदा के लिये गीतामाता के प्रचार एवं धर्म की सेवा में लगा दिया ।

लेखिका—स्वराज देवी मदान'

—:०:—



* गीता का सार *

* * * *

(१) क्यों निष्फल चिन्ता करते हो, क्यों व्यर्थ डरते हो, कौन तुम्हें मार सकता है, आत्मा किसी काल में न जन्मता है और न मरता है।

(२) जो हुआ वह अच्छा हुआ जो हो रहा है वह अच्छा हो रहा है, जो होगा वह अच्छा होगा। तुम भूत का शोक न करो, भविष्य का डर न करो, वर्तमान चल रहा है।

(३) तुम्हारा क्या गया जो तुम रोते हो, तुम क्या लाये हो जो खो दिया, तुमने क्या पैदा किया जो नाश हो गया, न तुम कुछ लाये, जो लिया यहीं से लिया, जो दिया यहीं पर दिया, जो लिया उस प्रभु से लिया, जो दिया उसी प्रभु को दिया, खाली हाथ आए, सो खाली हाथ चले, जो आज तुम्हारा है कल किसी और का था, आगे किसी और का

होगा, तुम इस को अपना समझकर प्रसन्न होते हो·····यही प्रसन्नता तुम्हारे दुःख का कारण है ।

(४) परिवर्तन संसार का नियम है·····जिसको तुम मृत्यु समझते हो यही जीवन है । एक मिनट में तुम करोड़ों के स्वामी होते हो तथा उसी क्षण में तुम दरिद्र बन जाते हो । मेरा-तेरा, अपना-पराया, छोटा-बड़ा सब मिटा दो, विचार से हटा दो । फिर सब तुम्हारा है और तुम सबके हो ।

(५) न यह शरीर तुम्हारा है न तुम इस शरीरके हो, यह आग, मिट्टी, पानी, वायु से बनता है । इसी में लीन हो जाता है फिर भी तुम्हारी आत्मा वैसी की वैसी स्थिर है फिर तुम क्या हो ?

(६) तुम अपने आपको उसके अर्पण करो यही सबसे उत्तम सहारा है । जो उसके सहारेको

जानता है। वह शोक, भय और चिन्ता से सर्वदा के लिए मुक्ति पा जाता है।

(७) जो कुछ भी करो है वह प्रभु के अर्पण करो। ऐसा करने से सदा जीवन मुक्ति का आनन्द, प्रेम अनुभव होगा तथा शरीर त्यागके बाद तत्क्षण ब्रह्म स्वरूपमें लीन होगा। प्रभुका प्यार ही जीवनका आनन्द है।



—: मानस रोग की औषधि :—

卐

आज दुनियां में हर एक को सुख की खोज है परन्तु वह सुख मिले कैसे यह विचार के योग्य है।

यदृच्छालाभसंतुष्टो द्वन्द्वातीतो विमत्सरः ।
समः सिद्धावसिद्धौ च कृत्वापि न निबध्यते ॥

गी० ४–२२

अपने कर्म के अनुसार जो कुछ प्राप्त हो उसमें सन्तुष्ट रहने वाला, मान अपमान लाभ - हानि द्वन्दों से अतीत हुआ, राग द्वेष ईर्ष्या से रहित हुआ, कार्य में सिद्धि और असिद्धि में समत्त्व भाव वाला पुरुष कर्म को करता हुआ भी मुक्त रहता है और जन्म मृत्यु के चक्कर से छूट जाता है। क्योंकि समत्व भाव होने से दूसरे का सुख अथवा दुख अपने जैसा मानता है, भाई बन्धु को सुखी देखकर प्रसन्न रहता है सबका हित चाहता है और हित करता है।

सर्वं भूत हितेरताः ।

धैर्य सन्तोष नम्रता से जीवन व्यतीत करता है और हर क्षण उसका मन प्रभु स्मरण में लगा रहता

है, वह मनुष्य फिर गृहस्थ रूपी तालाब में कमल के फूल की तरह खिला रहता है। अथवा प्रसन्न रहता है।

अपने पुण्य और पाप किये हुए सुख-दुख रूप में आते हैं। प्रभु को दोष नहीं लगाना चाहिये। जो हो रहा है सो अच्छा हो रहा है। जो होगा सो अच्छा होगा जो हो गया है सो भी अच्छा हो गया है ऐसा निश्चय करने से शान्ति को प्राप्त होता है।

बिनु सत्संग विवेक न होई।
राम कृपा बिनु सुलभ न सोई॥

रामकी कृपा से सत्संग प्राप्त होता है और सत्संग से ज्ञान प्राप्त होता है। और सच्चे गुरु की शरण जाने से जीव का कल्याण होता है।

प्रभु की लीलाओं को श्रवण करने से तथा मनन करने से तथा निदिध्यासन करने से जीव लाभ प्राप्त करता है। कौन सा लाभ—जिस लक्ष्य के लिए, मानस जन्म लिया था प्रभु प्यार के लिए। उस प्यार में, कर्म करते हुए भी हर पल, हर घड़ी, हर क्षण डूबा रहता है। और अपना दुर्लभ मनुष्य जन्म सफल कर जाता है।

मनुष्य को संसारी चिन्ताओं को हटा कर जप करना चाहिये।

"श्री हरि शरणम् ।"

इस मन्त्र का भीतर ही भीतर जप करने से मन प्रभु में लग जाता है और महामन्त्र का कीर्तन करने से प्रभु से प्यार हो जाता है तथा प्रभु शरणागति हो जाता है ।

—: महामन्त्र :—

हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे ।
हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे ॥

महापुरुषों की प्रेरक जीवनियाँ पढ़कर अपने जीवन को सफल बनावें

पूज्य सद्गुरुदेव श्री १००८ म०मं० श्री स्वामी

वेदव्यासानन्दजी महाराज सरस्वती

की

-: संक्षिप्त-जीवनी :-

●

१—जन्म—


उत्तर प्रदेशके जिला फर्रुखाबादके मेरापुर नामक एक प्रसिद्ध ग्राम में एक उच्च ब्राह्मण कुल में आपका जन्म हुआ।

२—शिक्षा—

हिन्दी, संस्कृत, इंगलिश और उर्दू आदि कई भाषाओं की विशेष एवं पूर्ण योग्यता के साथ २ दर्शन इतिहास, धर्म एवं वेदान्तादि दार्शनिक विषयोंके सैकड़ों ग्रन्थों एवं गीता पर वर्षों विशेष रिसर्च एवं स्वाध्याय। आप आजन्म बाल ब्रह्मचारी हैं।

३—गृह त्याग—

१६ वर्ष की छोटी आयु में ही दसवीं कक्षा की परीक्षा देकर गृह-त्याग कर दिया। २४ वर्ष की आयु



पू० सद्गुरुदेव म०मं० श्रीस्वामी वेदव्यासानन्दजी सरस्वती

पर्यन्त स्थान २ पर कई कालेजों व विश्व-विद्यालयों में अध्ययन किया। तत्पश्चात् जंगलों एवं तीर्थों में कठिन तप, त्याग तथा साधना व स्वाध्यायमय जीवन व्यतीत किया।

४—साधना—

नैमिषारण्य तथा नरवर में अनेक वर्षों तक नंगे पैर व एक वस्त्र में रहकर नमक मीठा का त्याग करके गायत्री के २४-२४ लक्ष के पुरश्चरण किये। नरवर में कई दुग्ध कल्प, दधि-कल्प, तक्र कल्प तथा चान्द्रायण व्रत किये। रामायण के १०८ तथा गीता के १००८ पाठ एवं उपनिषद् व वेदमन्त्रोंके अनेक पाठ किये। हृषीकेश तीर्थ के निकट रामनगर में गंगा-तट पर वर्षों मौन व एकान्त रहकर अनेक प्रकार की योगादि साधनायें कीं। तथा राष्ट्रीय आन्दोलनों में सक्रिय भाग लिया।

५—दिनचर्या तथा रहन-सहन—

आप तपस्वी सन्त हैं। आप २४ घन्टे में एक बार भोजन करते एवं केवल चार घन्टे सोते हैं। शरीर रक्षा के लिये केवल एक गेरुआ वस्त्र और वह भी बिना सिला हुआ ही धारण करते हैं। आप पान, तम्बाकू, प्याज, लहसुन, चाय, काफी, मसाला तथा लालमिर्च आदि नहीं खाते। बिना चीनी तथा बिना नमक का दलिया आपका प्रिय भोजन है।

६–संस्थाओं की स्थापना–

उत्तरी भारत, तिब्बत तथा नेपाल आदि भिन्न २ देशों में वर्षों भ्रमण पर्यटन तथा सत्संग करते हुए स्थान-स्थान पर दर्जनों गीता-सत्संग, गीता-मन्दिर तथा गीता-विद्यालयों की स्थापना की, तथा कर रहे हैं। देश में अखिल-भारतीय ख्याति प्राप्त कई सांस्कृतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक एवं प्रसिद्ध शिक्षा-संस्थानों के आप संरक्षक या संचालक हैं।

७–धार्मिक सम्मेलन एवं आन्दोलन–

वर्तमान काल में प्रति वर्ष स्थान-स्थान पर आप धार्मिक सम्मेलनों का आयोजन किया करते हैं। अमृतसर, यमुना नगर, हरिद्वार, इलाहाबाद तथा सूरत आदि नगरों में बीसों हजार जनता की उपस्थिति में बड़े-बड़े सम्मेलन कराये। अमृतसर-गीता महासम्मेलन में दो लाख की उपस्थिति थी। चीन-भारत युद्धके समय नेफा आदि भारत की पूर्वी सीमाओं पर एवं हिन्दी-विरोधी आन्दोलन के समय मद्रास, केरल आदि दक्षिण सीमाओं पर एवं पाकिस्तानी आक्रमण के समय अमृतसर पंजाब आदि पश्चिमी सीमाओं पर जाकर अपने ओजस्वी गीता-प्रवचनों द्वारा असंख्य जन-मानस का मनोबल ऊंचा करके देश-रक्षा एवं देश-सेवा के महान कार्य किये।

८—गीता आश्रम की स्थापना

इन दिनों हृषीकेश, लक्ष्मणझूला के पास गंगा की दूसरी ओर स्वर्गाश्रममें गंगा तट पर एक विशाल भूमि खण्ड में 'गीता - आश्रम' नामक एक विशाल आश्रम की आप रचना कर रहे हैं। धर्म प्रचारार्थ यह योजना लगभग एक करोड़ रुपये की चालू की गई है। इस रुपये से इस आश्रम में सनातन-धर्मका एक विशाल स्मारक खड़ा किया जायेगा। जिसमें—१. एक साधु विश्व-विद्यालय, (५०१ साधु)। २. गीता-गुरुकुल विद्यापीठ (५०१) ब्रह्मचारी। ३. एक विशाल गीता-मन्दिर ४. एक गीता-शिखर। ५. भिन्न - भिन्न देवताओं, ऋषि-मुनियों तथा भक्तों के १०८ आकर्षक मन्दिर। ६. एक विशाल सत्संग-भवन। ७. एक गीता गौशाला (१०१ गायें)। ८. गीता—मुद्रणालय। ९. गीता पुस्तकालय तथा वाचनालय एवं १०. एक रमणीक गीता—सरोवर आदि बनाये जायेंगे।

लगभग २०० नाली (६० बीघा) भूमि एक लाख रुपये में खरीदी जा चुकी है, जहां सत्संग प्रेमी-भक्त अतिथिजनों के लगभग ५०० कमरे बन रहे हैं। कमरे बनाने वालोंकी भीड़ लगी है गीता—गुरुकुल विद्यापीठ तथा मुद्रणालय स्थापित हो चुके हैं। मन्दिर बन रहे हैं। सत्संग चालू है। आप भी इस आश्रम में एक बार पधार कर दर्शन करें तथा सेवा का अवसर दें।



❋ प्रार्थना ❋

★

आई शरण में तुम्हारी भगवन ।
आई शरण में तुम्हारी राम ॥
नहीं योग न बल नहीं ज्ञान शक्ति ।
मैं तेरे करुणा की अधिकारी भगवन ॥
नहीं जप तप, नहीं भाव भगति ।
पर तेरे चरणों की पुजारी भगवन ॥
नहीं विद्या गुण नहीं गत्य मेरे ।
तेरी दया की भिखारी हूँ भगवन ॥
"लक्ष्मी" प्रभु तेरे चरणों में आई ।
मांगें भगति यह तुम्हारी भगवन ॥
आई शरण में तुम्हारी भगवन ॥

श्री गणेश-वन्दना

गणेश मनाओ जी रलमिल सारे
भक्त प्यारे मंगल गाओ जी
जेड़ा आद गनेश मनावे मंगयां मुरादां पावे
सीस झुकाओ जी – रलमिल सारे
ओ पार्वती दा जाया शंकर दा राजदुलारा
ओह्दी महिमा कोइ ना जाने ओह्दा भेद किसे ना पाया
सीस झुकाओ जी – रलमिल सारे
जेड़ा ओट लेवे ओह्दे दर दी, ओह्दी दुनियां पानी भरदी
छड झगड़े केड़े जग दे आ जान्दे तेरे दर दे
ओ सब कुछ पांदे जी, रलमिल सारे…॥

श्री कृष्ण-वन्दना

वसुदेव सुतं देवं कंस चाणूर मर्दनम् ।
देवकी परमानन्दं कृष्णं वन्दे जगद्गुरुम् ॥
नमो ब्रह्मण्य देवाय गोब्राह्मण हिताय च ।
जगद्धिताय कृष्णाय गोविन्दाय नमो नमः ॥

श्री हनुमान-वन्दना

हनुमत हनुमत मैं पुकारूं, हर बशर के सामने।
मन तो मेरा हर लिया हनुमत के स्वामी राम ने ॥
समुद्र को तुम लांघ गये पवन रूप धार के।
सीता जी को शान्ति दी निश्चर दल के सामने ॥
राम ने जब तुम्हें पुकारा, प्रेम से तब धाये हो।
अहिरावण को नष्ट कीन्हा मकरध्वज के सामने ॥
हनुमत हनुमत मैं पुकारूं···।

श्री राम-वन्दना

आपदामप हर्तारं दातारं सर्व सम्पदाम्।
लोकाभिरामं श्रीरामं भूयो भूयो नमाम्यहम् ॥
राम रामेति रामेति रमे रामे मनोरमे।
रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः ॥

श्री गुरु-वन्दना

अज्ञान तिमिरान्धस्य ज्ञानाञ्जन शलाकया।
चक्षुरुन्मीलितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥
अखण्डमण्डलाकारं व्याप्तं येन चराचरम्।
तत्पदं दर्शितं येन तस्मै श्री गुरुवे नमः ॥

जगत में गुरू प्रेम अवतार

★

जगतमें गुरू प्रेम अवतार सखी री मेरे गुरू ज्ञान अवतार
अवगुण हारी मैं भटक रही थी,भव-बंधनमें अटक रही थी
गुरुदेव ने लीनो उबार ।। जगत में···
गुरु विन ज्योती कौन दिखावे,मन अंधियारा कौन मिटावे
गुरु ज्ञानदीप दे बार ।। जगत में···
सत व्यापार गुरू जी करते, प्रेम ज्ञान की तुला पकड़ते
मेरी खुदी के बटड़े डार ।। जगत में···
अमृत फल को हाथ में दीना दिल मेरा गिरवीं धर लीना
मेरा जन्म दिया है सुधार ।। जगत में···
अमृत बूंद सतगुरु से पाई जन्म-जन्म की प्यास बुझाई
अब छाया है प्रेम खुमार ।। जगत में···
गुरु चरणन की धूली पाई, नाम रतन की पूँजी पाई
मेरे गले नाम का हार ।। जगत में···
चरण कमल में सीस नवाऊँ दोष भूल अपनी बस पाऊँ
गुरु चरणों में नमस्कार ।। जगत में···

रामायण की चौपाइयाँ

卐

❖ भक्त (साधक) के लक्षण ❖

जिनके श्रवण समुद्र समाना ।
कथा तुम्हारि सुभग सरि नाना ॥
भरहिं निरन्तर होहिं न पूरे ।
तिनके हृदय सदन तव रूरे ।
लोचन चातक जिन्ह करि राखे ।
लहहिं दरस जलधर अभिलाखे ॥
तुम्हहिं निवेदित भोजन करहीं ।
प्रभु प्रसाद पट भूषण धरहीं ॥
शीस नवहिं सुर गुरु द्विज देखी ।
प्रीति सहित करि विनय विशेखी ॥
कर नित करहिं राम पद पूजा ।
राम भरोस हृदय नहिं दूजा ॥
चरण राम तीरथ चलि जाहीं ।
राम बसहु तिनके मन माहीं ॥
काम क्रोध भय मान न मोहा ।
लोभ न क्षोभ न राग न द्रोहा ॥

जिनके कपट दम्भ नहिं माया ।
तिनके हृदय बसहु रघुराया ॥
सरल स्वभाव न मन कुटिलाई ।
यथा लाभ सन्तोष सदाई ॥

दुष्ट के लक्षण

जिन हरि कथा सुनी नहिं काना ।
श्रवण रन्ध्र अहि भवन समाना ॥
नयनन सन्त दरस नहिं देखा ।
लोचन मोर पंख करि लेखा ॥
ते शिर कटु तुम्बरि सम तूला ।
जे न नमत हरि गुरु पद मूला ॥
जिन्ह हरि भक्ति हृदय नहिं आनी ।
जीवत शव समान ते प्रानी ॥
जो नहिं करइ राम गुन गाना ।
जीह सो दादुर जीह समाना ॥
कुलिश कठोर निठुर सोइ छाती ।
जो हरि चरित सुनि न हरषाती ॥

* वन्दना *

चरण-कमल बन्दौं हरिराई।
जाकी कृपा पंगु गिरि लंघै, अंधे को सब कछु दरसाई॥
बहिरो सुनै मूक पुनि बोलै, रंक चले सिर छत्र धराई।
'सूरदास' स्वामी करुणामय, बार-बार बन्दौं सिर नाई॥

—: महा-मंत्र :—

हरे कृष्ण हरे कृष्ण कृष्ण कृष्ण हरे हरे।
हरे राम हरे राम राम राम हरे हरे॥

सब वेदों का सार यही है।
योग यज्ञ जप ध्यान यही है॥
सन्तों का उपदेश यही है।
जीवन का उद्देश्य यही है॥ हरे०॥
भक्तों का धन धाम यही है।
सुख सम्पति विश्राम यही है॥ हरे०॥
सर्व सुखों की जड़ी यही है।
संजीवनि सुख भरी यही है॥ हरे०॥
शंकर का आधार यही है।

नारद का झंकार यही है ॥ हरे० ॥
सब विद्या का सार यही है।
सर्व शास्त्र परचार यही है ॥ हरे० ॥
सब साधन का अर्थ यही है।
सबका परम पुरुषार्थ यही है ॥ हरे० ॥
निर्धन का धन प्राण यही है।
निर्बल का बल मान यही है ॥ हरे० ॥
गोपियों का सद्पन्थ यही है।
प्रेमियों का सद्ग्रन्थ यही है ॥ हरे० ॥
कर्म और सतधर्म यही है।
सद्ग्रन्थों का मर्म यही है ॥ हरे० ॥
भागवत का व्याख्यान यही है।
गीता का सद्ज्ञान यही है ॥ हरे० ॥
मोक्ष धर्म और भक्ति यही है।
'लक्ष्मी' का कृष्ण राम यही है ॥ हरे० ॥

—★—

जापै चढ़ै नाम रस रंग।
सदा फिरै अलमस्त दिवानो डुब्यो प्रेम रस गंग ॥

गावै नाचै रोवै हंसै पुनि मतवारन के ढंग।
हरि को नाम सकल अघ नाशक हरत विषय जग संग ॥
धन्य गुरू जिन गीता, नाम सुनायो कीन्हीं कृपा अभङ्ग।
'लक्ष्मीदासी' हरिनाम प्रेमप्रद करुणानिधि रघुनन्द ॥

* गीता-ज्ञान *

गीता-ज्ञान सिखा दो फिर से, भारत को भगवान।
ध्रुव प्रह्लाद भरत से बालक, होयँ यहाँ गुणवान ॥
ब्रह्मचर्य तप तेज पुंज हों, वैदिक वीर महान।
धीर वीर गम्भीर सभी हों अर्जुन भीम समान ॥
पतिव्रता हों नारि यहाँ की, सत्य शील द्युतिमान।
सीता सावित्री अनुसुइया सी, हों निष्ठावान ॥
व्यास वशिष्ठ कपिल से ज्ञानी, होयँ महा विज्ञान।
वेद ज्ञान का हो प्रकाश फिर, मिटे मोह अज्ञान ॥
घर-घर में सब पढ़ें सुनें नित, गीता गौरव ज्ञान।
अर्थ धर्म और काम मोक्ष का जिसमें है विज्ञान ॥
गौरक्षा निज देश धर्म हित, करें समर्पित प्राण।
सब मिल तन मन धन से, करें देश उत्थान ॥
देश धर्म की रक्षा में हो, हम सबका बलिदान।
ब्रह्म उच्च पद पावै भारत, करो कृपा भगवान ॥

भजन

माया विच रंग्यो तू, राम क्यों न बोलदा,
खान पीन सोन विच उमर गुजारी है,
इक पल वैठ के न जपया मुरारी है,
हीरा जन्म पाके बन्दा मिट्टी विच रोलदा।
माया विच रंग्यो···॥
ऐवें कों मान इस रूप जवानी दा,
विषयां दे विच पिया जिंदगी नूँ रोलदा,
दुनियां दे धंधे विच होंदियां खुआरियां,
माया विच रंग्यो···॥
पेडां तेरा दूर ओथे मंज्जलां ने भारियाँ,
हंस चुगन मोती काग कूड़ा पेया फोलदा,
माया विच रंग्यो···॥

...

अज मथुरा दे विच अवतार हो गया शाम निका जेया
सुन-२ के ते सुखी संसार हो गया शाम निका जेया
जदों देवकी ने हृदय नाल ला लिया
शाम ला लिया, वसुदेव ने टोकरे में पा लिया
शाम पा लिया; छड़ मथुरा नूं गोकुल नूं
तैयार हो गया — शाम निका जेया
अज मथुरा दे विच अवतार हो गया......॥
शाम जेलां विचों चोरी-चोरी चलया हां चलया
किथे जमया ते किथे जा पलया हां पलया
एह यशोदा दे वेड़े दा श्रृङ्गार हो गया शाम निका जेया
अज मथुरा दे विच अवतार हो गया...॥
अज मथुरा दे लोक खुश होवंदे हां होवंदे
कंस अपने नसीबां नूं रोवँदे हाँ रोवंदे
कंस अपनी ही जान तों बेजार हो गया शाम निका जेया
अज मथुरा दे विच अवतार हो गया...॥
जदों पूतना सी दूध पिलांवदी हां पिलाँवदी
पई अपने ही मन नूँ ललचांवदी हाँ ललचांवदी
प्राण कड़ ते ओ छाती ते सवार हो गया शाम सचीमुची
अज मथुरा दे विच अवतार हो गया शाम सची मुची ॥

दरश करा दे यशोदा अपने बाल दा,
रक्षा लई भक्तां दे कई रूप धारदा।
मैं दूरों चलके आया दो नैन पियासे लाया,
जल्दी भिक्षा पा दे अर्ज गुजारदा। रक्षा...।
अन्दरों यशोदा आई रूप देख घबराई,
सिर ते वैठा नाग फूकां मारदा। रक्षा...।
डरके यशोदा बोली ले भिक्षा कर झोली,
हीरे रत्न अनमोली न होर बोली बोली,
अन्दर बैठा बाल चीकाँ मारदा। रक्षा...।
ओनूं बाहर लै आ विच झोलो मेरी पा,
गले नाल लवां मैंला मैंनूं आवे सुख दा।
रज-रज दर्शन पावाँमैं किशनगोपाल दा। रक्षा...।
तूं जटाजूट वाला सर्पां दी गल विच माला,
तेरे तनपे है मृगछाला हथ विच त्रिशूल भाला,
मेरा बाल आयाना हींकें मार दा। रक्षा...।
नई बाल आया ना ए इक मेरा मित्र पुराना,
जल्दी दर्शं करा दो मेरे लाल दा। रक्षा...।

बाहर जो बाल लै आये मित्र देख मुस्कराये,
शंकर जी हर्षाए रज-रज के दर्शन पाये,
धन-धन बोले शब्द जय जयकार दा,
रक्षा लई भक्तां दे कई-२ रूप धारदा ॥

अयोध्या में लेके अवतार आज मेरा राम आ गया,
पृथ्वी का हरने को भार आज मेरा राम आ गया,
अवध पुरी में आज आनन्द छाया,
कौशल्या ने राम सा पुत्र जाया,
हर्षित हैं सब नर ना आज मेरा राम आ गया।
अयोध्या में लेके अवतार···।
दशरथ की किस्मत का चमका सितारा,
घर-घर आज आया है भक्तों का सहारा,
हो रही है जय जयकार आज मेरा राम आ गया।
मीठी बोली से कोयल आज बोलें,
मोर वन में करे हैं किलोलें,
फूलों की छाई है बहार आज मेरा राम आ गया।

कैसी सुहानी घड़ी आज आई,
हंस कर देते हैं सबको बधाई,
करनेको भक्तोंसे प्यार, आज राम मेरा आ गया ।।

मुझे है काम सतगुरु से जगत रूठे तो रूठन दो,
कुटुम्ब परिवार सुत दारा माल धन लाज लोकन की,
हरि के भजन करने में यदि छूटे तो छूटन दो ।
मुझे है काम सतगुरु से······।।
बैठ संतन की संगत में करूं कल्याण मैं अपना,
लोक जग के भरोसे में मौज लूटे तो लूटन दो ।
मुझे है काम सतगुरु से······।।
प्रभू का ध्यान करने की लगी दिल में लगन मेरे,
प्रीत संसार विषयों से अगर टूटे तो टूटन दो ।
मुझे है काम सतगुरु से······।।
धरी सिर पाप की मटकी मेरे गुरुदेव ने झटकी,
तो ब्रह्मानन्द ने पटको अगर फूटे तो फूटन दो ।
मुझे है काम सतगुरु से······।।

—※—

जब से मिले सतगुरु मुझे, जग उठी तकदीर मेरी।
दिल मेरे पे नाम तेरा, होंठों पे पैगाम तेरा।
बदल गई तकदीर मेरी, जग उठी तकदीर मेरी॥
तू मेरे मन दा मालिक है, सारी दुनियां दा पालक है।
कहती है जागीर मेरी, बदल गई तकदीर मेरी॥
जबसे मिले मेरे सतगुरुजी, जग उठी तकदीर मेरी॥

★

सतगुरु मिले मेरे सारे दुख बिसरे,
अन्तर के पट खुल गये री,
ज्ञान की आग जली घर भीतर,
कोटि कर्म सब जल गये री। सतगुरु मिले…।
पांच चोर लूटें थे रात दिन,
आप ते आप ही टल गये री। सतगुरु मिले…।
बिन दीपक म्हारे भया उजाला,
तिमिर कहाँ जाने नस गये री। सतगुरु मिले…।
त्रिवेणी सी म्हारे धार बहुत है,
अष्ट कमल दल खिल गये री। सतगुरु मिले…।
कोटि भानु म्हारे भया प्रकाशा,
औरहिं रंग बदल गये री। सतगुरु मिले…।

अड़सठ तीरथ हैं घर भीतर,
आपस में रल मिल गये री। सतगुरु मिले···।
गगन मण्डल में वर्षा हुई,
कमल के कुण्ड उभूल गये री। सतगुरु मिले···।
कहे 'कबीर' सुनो भाइ साधो,
नूर में नूर जो मिल गये री। सतगुरु मिले···।

—★—

आजा आजा वे श्याम मुरारी, कि फुल वांगू जिन्द बारा,
रो रो के मैं कमली होई, श्याम विना मेरा होर न कोई,
दस किन्नूं मैं हाल सुनावां, कि फुल वांगू जिन्द बारा।
श्याम आवे ते मैं सदके जावां, मोरा वांग पहलां पावा।
तेरे राह विच नयन बिछावां, कि फुल वांगू जिन्द बारा॥
दरशन तेरे नूं अखियां तरसन, सावन वगे छमछम बरसन।
मैंनूं तेरे दर से दिया चाहना, कि फुल वांगू जिन्द बारा॥
इक वारी आके मुखड़ा दिखा जा जीवन नैया पार लगा जा
मैं दर दर ठोकर खावां कि फुल वांगा जिन्द बारा॥
आंजा आजा वे श्याम मुरारी।
कि फुल वांगा जिन्द बारा॥

तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार उदासी मन काहे को करे,
नैया तेरी राम हवाले, लहर लहर हरि आप संभाले।
हरि आप ही उठावे तेरा भार। उदासी मन···॥

काबू में मझधार उन्हीं के, हाथों में पतवार उन्हीं के।
तेरी हार भी नहीं है हार। उदासी मन···॥

सहज किनारा मिल जायेगा परम सहारा मिल जायेगा।
डोरी सौंप तो तें इक बार। उदासी मन···॥

तू निर्दोष तुझे डर किसका, पग-पग पर साथी ईश्वर है।
जरा भाव से करो पुकार। उदासी मन···॥

उदासी मन काहे को करे, काहे को करे, काहे को करे।
तेरा राम जी करेंगे बेड़ा पार, उदासी मन काहे को करे॥

कैसी मुरली बजाई श्याम ने,
मेरी सुध बिसराई श्याम ने।

सुन सुन मुरली को जिया लहराये,
डोलें उमंग दिल से रहा नहीं जाये।
ऐसी धूम मचाई श्याम ने, ॥ मेरी सुध० ॥

पड़ी धुनक मुरली की कानन में,
नींद नहीं अब मोरे नयनन में,
मेरी निंदिया चुराई श्याम ने। मेरी सुध०।
औगुन हारी श्यामा पार लगाई,
पड़ी मझधार किनारे लगाई,
मेरी किश्ती किनारे लाई श्यामने। मेरी सुध०।

—*—

तेरे द्वार खड़े युग बीत गये,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे।
घट घट में तुम्हें हम खोज चुके,
कण कण में तेरा हम बोध लिये,
अब मन की यही प्रतीति लिये,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे। तेरे द्वार०।
गङ्गाधर शिव भोला स्वामी,
कैलाश पति शिव अन्तर्यामी,
तेरे चरणों में हम जीत गये,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे। तेरे द्वार०।

माया का पर्दा खूब किया,
मेरे मन का परदा खींच लिया,
राह देख मैं आशा दीप लिए,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे। तेरे द्वार०।

कभी विनती हमारी सुनोगे सही,
दासी को मुरारी मिलोगे सही,
हम हार गये तुम जीत गये,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे। तेरे द्वार०।

निर्लेप के नाथ हृदय में बसो,
मम प्राणों के साथ समाधि रचो,
सब स्वार्थ के जग में मीत भये,
बोलो बोलो प्रभू जी कब आओगे। तेरे द्वार०।

प्रभु जी तुम दीपक हम बाती,
जाकी ज्योति जले दिन राती।
अब कैसे छूटे नाम रट लागी॥
प्रभु जी तुम मोती हम धागा,

जैसे सोने में मिलत सुहागा।
अब कैसे छूटे नाम रट लागी ॥
प्रभु जी तुम स्वामी हम दासा,
ऐसी भक्ति करे रैदासा।
अब कैसे छूटे नाम रट लागी ॥

प्रभु (हरि) दे ध्यान विच लइयां क्यों न अखियाँ।
रज रज वेख के रजाइयां क्यों न अखियां ॥
इन्हां अंखा विच जैसी मैल अज्ञान दी,
निगाह तेरी वन्दे चूजे रब न पहचान दी।
किसे अंखा वाले नूं विखाइयां क्यों अखियां ॥ प्रभु०
घाटा पै जावे ते मकान वागन, कोई चला जावे ते…
ओदी याद विच ए, बरसाइयां क्यों न अखियां। प्रभु०
इन्हा विच प्यार दा जे अघरु न आया,
इन्हा नयना विच जे गोविन्द न बसाया कदी।
सूरदास वांगन ए कडाइयां क्यों न अखियां,
प्रभु दे ध्यान विच रजाइयां क्यों न अखियां ॥
पुन्य तेरे इक वी नहीं पाप बेशुमार ने,
तेरियाँ दो अखां ओदे नेत्र हजार ने।
पाप करन वेले शरमाइयां क्यों न अखियां,
रज रज वेख के रजाइयां क्यों न अखियां ॥

राम नाम की बूटी मैं तां पीनी ए जय हो मैं तां पानी ए
राम नाम है ऐसा नीका बाहरों अन्दरों है यह मीठो,
न कर अाड़ियां मैं तां पीनी ए, जय हो मैं तां पीनी ए ॥

ए बूटी मीरा ने पीती ओ दी हो गई श्याम नाल प्रीती,
मैं वी अज तां ओहो बूटी पीनी ए, जय हो मैं तां…॥

वसदा रहे जहान तेरा, उजड़ जाये जग सारा,
लोकां ताई रोज पिलांदा मैंनू देदां लारा, वे मैं तां…॥

ए बूटी नरसी ने पीती, ओ दी हो गई श्याम नाल प्रीती,
ओ हो बूटी मैं तां पीनी ए, जय हो मैं तां पीनी ए ॥

❀❀

अब कैसे छूटे नाम रट लागी
राम रट लागी गोपाल रट लागी।

प्रभु जी तुम चन्दन हम पानी, जाकी अङ्ग-२ वास समानी,
अब कैसे छूटे नाम रट लागी, राम रट लागी गोपाल…।
प्रभु जी तुम घन बन हम मोरा,
जैसे चितवत चन्द्र चकोरा।
अब कैसे छूटे नाम रट लागी, राम रट लागी गोपाल…।

—❀—

दिल दुनियां नजारे देख भुल गया ए सुनो शाम जी,
तेरे नाम दी कदर न जानी न जानी,
झूठी दुनियां ते हो गई दिवानी हां दिवानी,
जन्म विषयां विकारां विच भुल गया ए…।

सच्ची भक्ती दा रस्ता दिखावो हां दिखावो,
भव सागर पार लगाओ हां लगाओ,
मोह माया विच सारा जग भुल गया ए···।
दाता मेहर दी नजर निहारो हां निहारो,
दुखी दुनियां तों दिल मेरा डुल गया ए,
सुनो अर्ज गुरुदेव हमारी,
हुन भक्ति दा दिल अन्दर गुल पिया रे ॥ दिल··· ॥

❀❀❀

सखियों मत पकड़ो मेरी बइयां मोरी दुखैं नर्म कलैयां,
मैं नहिं तेरा माखन खायो अपने घर के धोखे आयो।
मटकी पर नहिं हाथ लगायो छोड़ दे मेरी बइयां,
सखियों मत पकड़ो० ॥

खोल किवरियाँ भरन गई पानी भूल गई अब क्यों पछितानी,
मो संग कर रही खींचातानी, अरी झूठा दोष लगावे मोको,
तेरे घर में घुसीं बिलैंयाँ, सखियों मत पकड़ो मेरी बइयां ॥
आज छोड़ दे सौगंध खाऊँ फिर ना तेरे घर में आऊँ,
नित तेरी गागर उठाए, बाट देखते गोप सखा सब,
दूर निकरि गई गउआँ, सखियों मत पकड़ो मेरी बइयां ॥
तोकूं नेक लाज ना आवे मों सूधे को दोष लगावे,
घर बुलाइ के चोर बनावे, वेग छोड़ दे देर हो गई,
देख रहा बल भैया, सखियों मत पकड़ो मेरी बइयाँ ॥

चलो चल दर्शन करिये वंसरि वाले आये ने,
धर्म दे बेड़े बन लाके पापी पार झुकाये ने।
पिता जिन्हां दा वसूदेव है माता देवकी जाए ने,
मथुरा दे विच जनम लिया है गोकुल डेरे लाए ने,
यमुनाजल ठाठा मारे शाम ने चरण झुकाए ने,
चलो बहनों चल दर्शन करिये बंसरिवाले आये ने ॥
मोरमुकुट माथे तिलक विराजे कुण्डल शोभा पाएने,
हथ वंशी श्याम ओढ़े कमली बन-२ गउआं चराए ने
वृन्दावन विच रास रचाके सखियां नूं मस्त बनाये ने
ऋषि मुनियां दे दुखड़े काटके चारों युग बनाए ने।
चलो बहनों चल दर्शन करिये बंसरि वाले आये ने ॥

—※—

मीरा पुकार रही आज आओ मेरे गिरधर गोपाल,
मोर मुकुट माथे तिलक विराजे
गले वैजन्ती माला साजे।
देख-२ हो जाऊँ निहाल, आओ मेरे गिरधर…॥
भोर भई मोहन वनको जावे,
ग्वालबाल संग गउएँ चरावे।
कन्धे में कमली डाल, आओ मेरे गिरधर…॥

माता यशोदा जब पास बुलावे,
बइयां पसारें मोहन गोद में आवे ।
ठुमक ठुमक चले चाल, आओ मेरे गिरधर···॥
मीरा को प्रभु दर्श दिखाओ,
जन्म जन्म की प्यास बुझाओ ।
कट जाए माया का जाल, आओ मेरे गिरधर···॥

❀❀❀

निका जया शाम मेरा मटकियां फोड़ गया,
चढ़ा छिके ते नी हाथ मक्खन रोड़ गया ।
जद पानी भरन नूं जावां दस की मैं हाल सुनावां,
रस्ते विच पकड़ खलोता मैं ठाडी पई शर्मावां । कि मट०
तूं सुन यशोदा मैया तेरा काला कृष्ण कन्हैया,
सखियां नूं रोज सतावे तेरा बांका नाथ नथैया ।
कि बहियां मरोड़ गया । चढ़ छिक्के···॥
ऐ सुन यशोदा माई झट कृष्ण नूं पकड़ ले आई,
गुस्से विच आके ओने मोहन ते सोटा चाई कि हथ वी–
जोड़ रहा । चढ़ छिक्के···॥

–❀–

मेरे ! मन हरि चरणां दे नाल प्यार कर,
राम नाल प्यार पाके जनम सुधार कर ।

दुनियां ते झंझटां तों की तैनू लभना,
धोखे वाली बाजी है दुनियां तैनूं ठगना।
फंस धोखे विच ना आपनूँ रखवार कर। मेरे मन०।
विषयां विकारा तेरी मत काह नूं मारी ए,
याद ओस प्यारे दी दिल तों विसारी ए।
होश ते सम्भाल मना कुछ तां विचार कर। मेरे मन०।
राम बिन कौन है जग विच अपना,
होर दी ना आस रख सब जग सपना।
राम विन मित्र नइयों कोई ऐतवार कर। मेरे मन०।
राम सदा हथ देके तैनूं बचांवदा,
काल दे जाल विचों जीव नूं छुटांवदा।
ऐसे रामनाम उत्तों आपनूं बलिहार कर। मेरे मन०।

—०—

तेरी शरण में जो गया भव से उसे छुड़ा दिया;
चाहे वो जैसा पातकी पावन उसे बना दिया।
दर दर भटकता है वही तेरी शरण जो गया नहीं,
भूल से अगर गया नहीं रास्ता उसे बता दिया॥
जिस की लगन हो आपसे छूटे जग के पाप से,
छूटे है तीनों ताप से शीतल उसे बना दिया।
तेरी शरण में जो……॥

भाग प्रबल उसी का है, जीवन सफल उसी का है,
त्याग सफल उसी का है जिसको तूने अपना लिया ।
तेरी शरण में जो……॥
तुम तो अनाथों के नाथ हो, भक्त जनों के साथ हो,
मुझ से अधम अति नीच को दाता तूने अपना लिया ।
तेरी शरण में जो……॥
जिसको भरोसा हो गया, बेड़ा भी पार हो गया,
अलमस्त ही वो हो गया, प्याला जिसे पिला दिया ।
तेरी शरण में जो……॥

★

बृज के नन्द लाला राधा जी के सांवरिया,
सब दुख दूर हुए जब तेरा नाम लिया ।
जब तेरे गोकुल में आया दुःख भारी,
एक इशारे से सब विपदा हारी ।
ढल गया गोवर्धन जिसे तूने मोड़ लिया । सब…।
मीरा पुकारी जब गिरधर गोपाला,
बन गया अमृत विष भरा प्याला ।
कौन मिटाए उसे जिसे तूने राख लिया । सब…।

नैनों में शाम बसे, मन में बनवारी,
सुध सुन भूल गई मुरली की धुन प्यारी।
मन के मधुवन में रास रचाए रसिया। सब···।

卐

मेरी झोपड़ी दे अज भाग खुल जानगे, राम आनगे,
मेरे खट्टे मिठ्ठे बेर प्रेम नाल खानगे, राम आनगे।
आयी बना विच राम ए सुनके हाँ सुनके,
नी में रखे खट्टे मिठ्ठे बेर चुन चुनके।
मेरी श्रद्धा नूं वेख राम भोग लानगे, राम आनगे।
ओहना ऊँच नीच जात नहिं देखनी,
चंगी बुरी वी सौगात नहीं देखनी।
दयावान मैंनूं चरणां दे नाल लानगे, राम आनगे।
मैंनूं पूजा पाठ दा बल नहीं, बल नहीं,
मेरे विच गुणां वाली कोई गल नहीं।
फिर किस तरह ओ बेड़ा पार लानगे, राम आनगे।
मैंनूं कोई भी नहीं पता नित नेम दा,
ऐना सारे बेराँ विच रस मेरे प्रेम दा।
जिनूं खादिया ही प्रभु मेरे रज जानगे, राम आनगे।

मैंनूं नीच नूं जे प्रभु अपना लिया,
मेरे खट्टे मिठ्ठे बेरां नूं जे खा लिया।
फिर दासी दे सब अवगुण भूल जानगे, राम आनगे।

—००—

मैंनुं न करो चरणां तों दूर प्रभु मेरे कर दो माफ कसूर,
मैंनूं ला लवी चरणा जरूर प्रभु जी मेरे कर दो० ।
माता पिता बन्धु सुत भाई प्रभु तेरे बिन कोई न सहाई,
ला लवीं चरणा जरूर प्रभु जी मेरे कर दो माफ कसूर ।
जे मैं इस दुनियां विच आई पाप करन तों मैं न शरमाई,
कीते ने पाप जरूर प्रभु जी मेरे कर दो माफ कसूर ।
विषयां विकारां दे धंधयां विच फंस के,
दुनियां दारी दे धंधया विच फंस के,
मैं हो गई हाँ चकनाचूर प्रभु जी मेरे कर दो माफ कसूर ।
ज्ञान ध्यान दी ज्योत जगाओ भुलिया होइया नूं रस्ते पाओ,
मैंनूं ला लवीं चरणा जरूर प्रभु मेरे कर दो माफ कसूर ॥

कृष्ण गोविन्द गोपाल गाते चलो,
मन को विषयों से हरदम हटाते चलो।

देखना इन्द्रियों के न घोड़े भगें,
रात दिन इनको संयम के कोड़े लगें।
अपने रथ को सुमार्ग चलाते चलो ॥ कृष्ण० ॥

दुख में तड़पो नहीं सुख में भूलो नहीं,
प्राण जाये मगर नाम भूलो नहीं।
राम धन का खजाना बढ़ाते चलो ॥ कृष्ण० ॥

नाम जपते चलो काम करते चलो,
पाप की वासना को हटाते चलो।
प्रेम भक्ती के आंसू बहाते चलो ॥ कृष्ण० ॥

ख्याल आयेगा उनको कभी न कभी,
भक्त पायेगा उनको कभी न कभी।
ऐसा विश्वास मन में जगाते चलो ॥ कृष्ण० ॥

—**—

इक अपनी लगन लगा मोहना,
दर दर न सानूं रुला मोहना।
रख ले नौकर अपने दर दा,
चरणा दी सेवा करा मोहना ॥

ए तां दुनियां आनी जानी ए,
ऐदे नाल की प्रीत लगानी ए ।
सब आल जाल मिटा मेरे,
भक्ति दा जाम पिला मोहना ॥
सब दुनियां मैं आजमा बैठी,
दिल अपना मैं तेरे नाल ला बैठी ।
सब आल जंजाल मिटा मेरे,
भक्ति दा जाम पिला मोहना ॥ इक अपनी० ॥
मैं तां पापी औगुन हारी हां,
तेरे नाम तों सदके वारी हां ।
हुन इस नूं तोड़ निभा मोहना,
दर दर न सानूं रुला मोहना ॥ इक अपनी० ॥

—o—

पार जमना दे हारां वाले दा डेरा,
सानूं वी ले चल नाल अड़या वे ।
जे टुर चलयो मैं जान न देसां,
गल विच पलड़ा पा अर्जां करेसां ॥ सानू वी० ॥
सावन ने हुन झड़ियां लाइयां,
सब सखियां रल पींगा पाइयां ।

झूठ आके साडे नाल अड़या वे ॥ सानूं वी० ॥
कुब्जा ने तेनूं जाइ पाया, असां ने रो रो हाल बजाया।
वेख के साडा हाल अड़या वे, सानूं वी ले चल नाल० ॥
दिने वी रोवां राती वी रोवां, रो रो हजुआं हार परोवां।
झूठे ने कोल करोल अड़या वे, सानूं वी ले चल नाल० ॥
तेरी दासी अरज गुजारे, आ मिल मैंनूं बंसरि वाले।
रख चरण दे नाल अड़या वे, सानूं वी ले चल नाल६ ॥

मेरी बइयां पकड़ लो बनवारी।
मेरे बाँके बिहारी जय हो तिहारी, जय हो···॥
ना तन ही रहा ना मन ही रहा,
पग धूलि बना लो इक बारी।
रूप और गुण कुछ नहिं मुझ में,
प्रभु मुझे अपना बना लो इक बारी ॥ मेरी० ॥
माना कि मैं इस योग्य नहीं,
मोहे दर्श दिखा दो इक बारी ॥ मेरी० ॥

श्री वृन्दावन धाम अपार तू जपे जा राधे राधे,
तू वृन्दावन में आयो तूने राधा नाम न गायो।
तेरा जीवन है धिक्कार, रटे जा राधे राधे ॥
तुम वृन्दावन में जाना श्री राधा–राधा गाना,
तेरा हो जाये बेड़ा पार, जपे जा राधे राधे।
यह वृन्दावन की लीला मत समझो गुड़ की चीला;
राधा सब वेदों की सार, जपे जा राधे राधे।
यह वृन्दावन के वासी सब गोपी भाव उपासी,
यहाँ ब्रह्मा जावें मन हार, जपे जा राधे राधे।
व्रज रसिकों की रजधानी यहां मुक्ति भरे नित पानी,
जाऊं चरणन पर बलिहार, जपे जा राधे राधे।
राधा बरसाने वाली प्यारी वृषभानु दुलारी,
याको दूल्हा नन्द कुमार, जपे जा राधे राधे।
जब राधा नाम न होतो तब जीवन कैसे होतो,
न होता श्री कृष्ण अवतार, जपे जा राधे राधे।

❀❀❀

सांवरे सुनो हमारी बात।
द्वार खड़ी इक पगली विरहन दर्शन को ललचात ॥
माना कि इस योग्य नहीं मैं तेरी कुछ कहलाऊं,

कोई वस्तु नहीं है ऐसी जो तेरी भेंट चढ़ाऊं।
मधुर तान नहिं रूप माधुरी कैसे तुझे रिझाऊं,
लोग कहें कि ये तेरी दासी दर दर ठोकर खात॥
सांवरे सुनो हमारी बात।
क्या कहते हो और कहीं जा अपना दर्द सुनाऊं,
कैसे हो सकता है छलिया दिल से तुम्हें भुलाऊं।
अपना लो या ठुकरा दो अब और कहीं ना जाऊं,
अब तो मोहे अपनी कर लो काहे को तरसात॥
सांवरे सुनो हमारी बात।
जले हृदय में प्रेम आग अब और सही ना जात,
निज जन का अपमान कहो क्या सह लोगे अब नाथ।
नंगे पांव दौड़े थे, प्रण वो, भूल गये क्या नाथ,
अब तो मुझे स्वीकार करो प्रभु जीवन वृथा ही जात॥

श्री राधे तोरे चरणन की रज पाऊं।
जो रज दुर्लभ शिव सनकादिक सोइ रज शीष चढ़ाऊं॥
बैठी रहूं कुञ्जन-कोनन में राधा श्याम को गाऊं।
श्री राधे……॥

पागल होकर रोऊं हसूं मैं कभी नाचूं कभी । श्रीराधे···
बृजमण्डल की तू है स्वामिनि छोड़ तुझे कित जाऊं;
दरस आस की जीवन राधे विमल विमल यश गाऊं ।
श्री राधे तोरे चरणन की रज पाऊं ॥

राम रतन धन पायो पायो जी मैंने ।
वस्तु अमोल दई मेरे सतगुरु कृपा कीन्ह अपनायो ॥
जन्म-२ की पूंजी पाई जग में सभी खो आयो ।
खर्च न खूटें चोर न लूटें दिन दिन होत सवायो ॥
सत की नाव खेवइय्या सतगुरु भवसागर तर जाय।
मीरा के प्रभु गिरधर नागर हर्ष हर्ष यश गायो ॥

—००—

卐 अरदास 卐

भगवान ऐहो अरदास मेरी ए ।
छे महान चरणा दे पास मेरी ए ॥
पिछले पापां वल न तकीं अगा गुनाह कोलों डकी,
हरदम नजर मेहर दी रखीं मेहरवान विनती ए
खास मेरी ए । भगवान ऐहो अरदास मेरी ए··

तेरे चरणा ते सिर रखां धोवां चरण मैं भर अखां,
तू ही उठावे तां सिर चकां,
जाणी जान मुदतां तों आस मेरी ए। भगवान…।
तेरयां गीता बाज न जीवां वांग पपीहे पागल चीवां,
स्वाती बूंद नाम दी पीवा, दयावान सदियां तों-
प्यास मेरी ए। भगवान…।
आ हुन छाती नाल लगा ले, तत्तयाँ थम्बयाँ तों बचा ले,
बूंद समुद्र विच मिला ले, ब्रह्मज्ञान आत्मा उदास मेरी ए,
भगवान ऐहो अरदास मेरी ए॥

हे मेरे गुरुदेव करुणा सिन्धु करुणा कीजिये।
हूं अधम आधीन अशरण अब शरण में लीजिये॥
खा रहा गोते हूं मैं भवसिन्धु के मझधार में।
आसरा है दूसरा कोई न अब संसार में॥
मुझमें है जप तप न साधन और नहिं कुछ ज्ञान है।
निर्लज्जता है एक बाकी और बस अभिमान है॥
पाप बोझे से लदी नैया भंवर में आ पड़ी।
नाथ दौड़ो अब बचाओ जल्द डूबी जा रही॥

आप भी यदि छोड़ देंगे फिर कहां जाऊँगा मैं।
जन्म दुख से नाव कैसे पार कर पाऊंगा मैं॥
सब जगह मंजुल भटक कर ली शरण अब आपकी।
पार करना या न करना दोनों मरजी आपकी॥

卐

जिसके हृदय हरि सुमिरन होगा,
उसका सफल क्यों ना जीवन होगा।
भक्त का भगवान को भी चिन्तन होगा,
उसका सफल क्यों ना जीवन होगा॥
सच्ची धारणा से प्रह्लाद ने जो ध्याया था,
खम्भे में भक्त ने श्रीरामजी को पाया था।
जिस की जिह्वा में रघुनन्दन होगा,
उसका सफल क्यों ना जीवन होगा॥
द्रोपदी ने बांधा केवल चार कच्चे धागों में,
बदले में भेजी थीं साड़ियां हजारों में।
जिसका सहायक मन मोहन होगा,
उसका सफल क्यों न जीवन होगा॥
भक्तों को तारने जो तारनहार आये थे,
जङ्गलों में जूठे बेर भीलनी के खाये थे।

कहती थी कभी प्रभु दर्शन होगा,
उसका सफल क्यों न जीवन होगा ।।
बनके वैरागी गीत रामजी के गाये जा,
तेरी सारी मुश्किलें आसान वह बनायेगा ।
पेटी में जिसके राम नाम धन होगा,
उसका सफल क्यों न जीवन होगा ।।

❀ ❀ ❀ ❀

किदरे मिल जाए राधा दा प्यारा कि पत्ता२ छान मारया,
किदरे मिल जाए गोपियां दा प्यारा कि पत्ता पत्ता···।
जिन्द जान कीती नन्द के हवाले मैं,
दुध दे भुलेखे पी गई जहर दे प्याले मैं ।
अपने रूप दा दे गया लशकारा कि पत्ता पत्ता छान...।।
बड़ा ए कठोर नी सतावे जानी जान के,
दे गया दिलासा मैंनूं सपने च आनके ।
नाले मिलन दा दे गया लारा, कि पत्ता पत्ता छान···।।
सुबह शाम गान मेरे घुंघरू
रूठे हुए शाम नूं मनान मेरे घुंघरू ।
ओहदे चरणा तों तन मन वारां, कि पत्ता पत्ता छान···।।

व्रज देयां वासियां ने तोड़ आशा मेरियां,
पेंडे बड़े लम्बे ने ते रातां ने अंधेरियां ।
अस्सां देखना वे मुखड़ा प्यारा, कि पत्ता पत्ता छान···॥

—❋—

ऐसे ज्ञान वाली गठरी न खोल ऊधो,
रख इसनूं संभाल के तू कोल ऊधो ।
बेला काहनू एवे मगज खपाई जाना ए,
कोई प्रेम वाला गीत मुहों बोल ऊधो ॥
नहीं लोड़ सानूं तेरे इस ज्ञान ध्यान दी,
एवे फोलिया ए पोथियां न खोल ऊधो । ऐसे···
सानू दस के डरावे रस्ते पुन्य पाप वाले,
किसे होर दा द्वार जाके टोल ऊधो ।
जिन्हा प्रेम वाली गल विच पाई अपनी,
इन्हा जग वाली लाज पीती घोल ऊधो ॥
इक वारी जे तू प्रेम दा स्वाद वेखया,
सारी खुल जासी तेरी वे पोल ऊधो ।
ऐसे ज्ञान वाली गठरी न खोल ऊधो,
रख इसनूं संभाल के तू कोल ऊधो ॥

❋—०—❋

प्रभु प्रेमी का मग न्यारा है ।
नहिं वेद पुराणन गाया है जिन पाया हृदय छुपाया है ।
जो मोती सीप में भारा है, हरि प्रेमी का मग न्यारा है ॥
कभी प्रेमीके गुण गाते हैं कभी ध्यानमें ही रह जाते हैं ।
तब आता प्राणन प्यारा है, हरि प्रेमीका मग न्यारा है ॥
पागल-२ जग कहता है वह रोता तो जग हंसता है ।
नहिं प्रेम का कोई किनारा है प्रभु प्रेमी मग न्यारा है ॥

यह गर्व भरा मस्तक मेरा प्रभु चरण धूलि में झुकने दो ।
अहंकार भरे मन को मेरे निज प्रेम की माला जपने दो ॥
खोटा हूं प्रभू या मैं हूं खरा अब शरण तिहारी आ ही गया
मैं प्रेमी हूं ठुकरा न मुझे गिर पड़ा हूं तो अब उठने दो ॥
यह गर्व भरा मस्तक मेरा अज्ञान की बातों में खाया ।
सब रैन नींदभर मैं सोया अपने चरणोंमें अपना लो मुझे ॥
जग सोये मुझको जगने दो, यह गर्व भरा मस्तक…॥

हमारे मन हरि सुमिरन धन भावे ।
आखें बन्द करूं तो इसको कोई देख नहिं पावे,

बाहर खोल धरूं तो इसको कोई नहीं चुरावे ॥ हमारे०
आंधी नहीं उड़ावे इसको पानी नहीं गलावे ।
अग्नि चाहें कैसी सुलगे इसको नहीं जलावे ॥
भाई बेटा साथी संगी कोई काम नहिं आवे ।
पावे जो प्रभु प्रेम खजाना शहन शाह बन जावे ॥
पर्वत नहीं धरावे इसको नदियां नहीं समावे ।
चोर नहीं चुरावे इसको निस दिन बड़ता जावे ॥

—**— 8988

रे मन ओटि लेहु हरि नामा ।
जाके सिमरनि दुरमति नासे पावहि पद निर्वाना ॥
बड़भागी तिहि जन कउ जानउ जो हरि के गुन गावै ।
जनम जनम के पाप खोइ कै पुनि बैकुण्ठ सिधावै ॥
अजामील कउ अन्त समय में नारायन सुधि आई ।
जा गति कउ जोगीसुर वांछत सो गति छिन महि पाई ॥
नाहिन गुन नाहिन कछु विदियाधरमु कउन भज कीना ।
नानक विरदु राम का वेखो अभय दान तेहि दीना ॥

—००—

सब कुछ जीवन को व्यवहार ।
मात पिता भाई सुत बान्धव अरु पुनि गृह की नार ॥

तन से प्राण होत जब न्यारे टेरत प्रेत पुकार।
एक घरी कोउ नाहीं राखत घर से देत निकारि॥
मृग तृष्णा सों जग रचना यह देखो हृदय विचारि।
कह नानक भज राम नाम नित जासों होइ उद्धार॥

—★★—

मेरे मन हरि सिउं लागी प्रीत।
साध संग हरि हरि जपत निर्मल सांची रीति॥
दरसन की प्यास घणी चितवत अनिक प्रकार।
करहु अनुग्रह पार ब्रह्म हरि कृपा धारि॥
मन प्रदेसी आइया मिलियो साध के संग।
जिस बखरु कोइ चाहता सो पाइयो नाम ही रंग॥
जेते माइया रंग रस बिनस जाहिं छिन माहिं।
भक्त रत्ते तेरे नाम लियो सुख भुंचहि सब ठांहिं॥
सब जग चलता पेखिये निश्चल हरि को नाऊं।
कर मित्रतायी साध संग निश्चल पावहिं ठाऊं॥
मीत साजन सुत बन्धया कोऊ होत न साथ।
एक निबाहू राम नाम दीना का प्रभु नाथ॥
चरण कमल रोहित भए लागी सागरु तरियो नेह।
भेटियो पूरा सत्तगुरु साचां प्रभु सिउं नेह॥

जो तुम भावें सो भला तेरे भान कारज रास ।
सुख सागर प्रीतम मिले उपजे महा आनन्द ।।
कहो 'नानक, सुख दुख मिटे प्रभु भेंटे परम आनन्द ।।

★

काहे रे वन खोजन जाई ।
सर्व निवासी सदा अलेपा, तोही संग समाई ।।
पुहुप मध्य ज्यों बास बसत है, मुकुर माहिं जैसे छाई ।
तैसे ही हरि वसत निरन्तर घट ही खोजो भाई ।।
बाहिर भीतर एकहि जानो यह गुरु ज्ञान बताई ।
कह 'नानक' बिन आपा चीन्हें मिटै न भरम कि काई ।।

रमता राम राम मोरे जिया,
ज्ञानी ने गुप्त खजाना पा लिया ।
चतुष्टय साधन पलग बिछाया,
ब्रह्मज्ञान का तकिया लगाया ।
शान्ति का विस्तर बिछा लिया, रमता राम राम''।।
सहज समाधी निद्रा आयी,
जगत महल ना रहा दिखाई ।

अद्वैत राम पति वर लिया ज्ञानी ने,
जागृत स्वप्न सुषुप्ति उपाधी।
हम तो अखण्ड अद्वैत उपाधी,
इस निश्चय को मैं जमा लिया, ज्ञानी ने गुप्त…॥
ना कोई वैरी मीत हमारा,
जित वल वेखां तित वल प्यारा।
गुरु शक्ति है मन को अटका दिया, ज्ञानी ने गुप्त…॥
ज्यों सागर में बूंद समाई सन्त राम में भेद न कोई।
कर निश्चय मैं अजमा लिया, ज्ञानी ने गुप्त खजाना…॥

सिमरन में मन जोरे, सब पाप कटेंगे तोरे।
रे मन पाप कटेंगे तोरे, रे पापी मन तोरे पाप। सिम…
कामकाज में आयु बिताई हरी भजन की याद न आई।
दिन रहे अब तो थोरे, रे पापो मन थोरे थोरे। सिम…
भंवर गये सिर बगले आए जोत घटी मुखों बोल न पाए
तृष्णा अजे वी न छोड़े, रे पापी मन छोड़े। सिमरन…
कहत सरंगि छोड़ दे रंगी दुनिग्रां का तू मत बन संगी
रोक ले मन के घोड़े रे पापी मन घोड़े। सुमिरन…

—**—

लूट लो आकर जो भी चाहे शोर मचाऊं गली गली।
हरी नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली॥
जिस जिस ने यह मोती लूटे वह सब माली माल हुये।
जो दुनियाँ के बने पुजारी आखिर वो कङ्गाल हुये॥
सोना चांदी माली वाली मैं समझाऊं गली गली।
हरी नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली॥
इस दुनियां की आशा तब तक जब तक इसका ज्ञान नहीं।
रोम रोम में रम ना जावे वो कोई भगवान नहीं॥
राम कृष्ण और गोविन्द का मैं नाम जपाऊं गली गली।
हरी नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली॥
जिन भक्तों ने कैसे कैसे हरी का दर्शन पाया है।
और भगवान ने कैसे कैसे भक्तों को अपनाया है॥
शबरी तुलसी मीरा का इतिहास सुनाऊं गली गली।
हरी नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली॥
अर्जुन को जब मोह ने घेरा तब प्रभु ने उपदेश दिया।
ज्ञान की ज्योति जगाई ऐसी संशय भ्रम सब दूर किया॥
रामायण और गीता का सन्देश सुनाऊं गली गली।
हरी नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊं गली गली॥

—०❀०—

मना छड दे सोच विचार,
रख भरोसा रब दा वन्दे ओो सबदा रखवाला है।
छड दुनियां दे खोटे धन्धे अपने मन नूं मार ॥ हरी...
दुनियां दुश्मन फिकर न करिये अपने रब नूं ध्याये जा।
करे वो बेड़ा पार सभी का ओो सबका रखवाला है॥
सोच तेरी कुछ काम न आवे उल्टा फिकर ते दिल नूं खावे
कर देवे मुरदार राम रखवाला है॥
होवे जेड़ा प्रभु नूं भावे सोच फिकर मूरख सों बंधावे।
वन्दे ! मन में धीरज धार राम रखवाला है॥

दुनियां में जो आया है तो कर प्यार प्रभू से,
जो मांगना है मांग लो दातार प्रभू से।
धन माल जो तुमको है मिला किसने दिया है,
जीवन का यह सुख भोग बता किसने दिया है।
क्यों भूला है सब मिलता है दरबार प्रभू से,
जो मांगना है मांग लो दातार प्रभू से॥
संसार की मोह माया में क्यों मन को लगाया,
हीरा जन्म किस लिये यों खाक मिलाया।

कर याद जो कर आया था इकरार प्रभू से,
जो मांगना है मांग लो दातार प्रभू से ॥
जीवन जो सफल चाहे तो मन सफल बना ले;
जगदीश की भक्ति की वह फिर ज्योति जगा ले ।
मांगे हैं हम तो यही तू कर प्यार प्रभू से,
दुनियां में जो आया है तो कर प्यार प्रभू से ॥

—००—

तेरे प्यार से ऐसी मस्ती चढ़ी,
तू मैं हो गया मैं तू हो गया ।
जैसे जल में बरफ का टुकड़ा पड़ा,
कुल मिलकर कोई भेद ही न रहा ।
जल में जल का ही रूप बना ॥ तू मैं हो गया…
वसुधा से जमीं ऊपर को उठी,
सूरज की किरण सूरज में छिपी ।
फिर नाम रूप का भेद कहाँ,
तू मैं हो गया मैं तू हो गया ॥
जब वायु वेग प्रचण्ड हुए,
आखिर आकर वसुधा से मिले ॥ तू मैं हो गया…

ज़ब कर्म की भीतें टूट गईं,
तो घटाकाश महाकाश हुये ॥

मोहन दा मिलना सोखा नहीं,
जिंद तली ते धरनी पैन्दी ए।
हर इक दी सैनी पैंदी ए,
घर बाहर दे वन्दे वैरी ने।
दुख रज रज देन दे कैरी ने,
गल सबर दी करनी पैंदी ए ॥ जिंद तली...
जेड़े उसदी राह वल जान्दे ने,
मन अपना मार मुकान्दे ने।
फिर दर्श मोहन दा पान्दे ने,
ऐनी कीमत भरनी पेंदी ए ॥ जिंद तली दे...

जेड़ी बिन पीतयां चढ़ जावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी,
जेहड़ा पीवे अमर हो जावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी।
इक रत्ती धन्ने ने पाई पत्थर विचों जोत जगाई,
पैया रब दे दर्शन पावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी॥

जहर प्याला मीरा पीता गिरधर दा दर्शन कीता,
पई हार शाम गल पावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी।
पहले मन नूं साफबनावीं फिर जगदीश दे दर्शन पावीं ।।
तेरी बिगड़ी आप बनावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी।
जेहड़ा पीवे अमर हो जावे रत्ती तेरे नाम दी चंगी ।।

卐

मेरा सतचित आनन्द रूप कोई कोई जाने रे,
सकल प्रपञ्च का मैं हूँ सृष्टा,
मन वाणी का मैं हूँ दृष्टा।
मैं हूँ साक्षी रूप, कोई कोई जाने रे ।।
पांच कोष से मैं हूँ न्यारा,
मन बुद्धि का जानन हारा।
अनुभव सिद्ध अलेप, कोई कोई जाने रे ।।
जन्म मरण मेरे धर्म नहीं हैं,
पाप पुण्य मेरे कर्म नहीं हैं।
अज निर्लेपी रूप, कोई कोई जाने रे ।।
सूर्य चन्द्र में तेज है मेरा,
अग्नि ताप में ओज है मेरा।

मैं हूँ ज्योति स्वरूप, कोई कोई जाने रे ॥
तीन लोक का मैं हूँ स्वामी,
घट घट व्यापक अन्तर्यामी।
ज्यों माला में सूत, कोई कोई जाने रे ॥
उठो जागो निज रूप पहचानो,
जीव ब्रह्म में भेद न जानो।
मैं हूँ ब्रह्म स्वरूप, कोई कोई जाने रे ॥

मना चल ओथे चल बसिये,
ओथे न कोई मां और बाप है।
ओथे न कोई बहन न भाई,
मना चल ओथे चल बसिये ॥
जित्थे सन्त समाधि लावदे ने,
ओत्थे प्रेम दा वगे दरिया। मना चल ओथे...
जित्थे लोग बोलियां न मारदे ने,
ओत्थे सजना दे दिल दरिया।
मना चल ओथे चल बसिये,
जित्थे भूख न प्यास सतांवदी।
तू तां इक रस हो जा। मना चल ओथे चल...

बहिनो सतगुरु शरणी आयो
ओ तां दें दा रास्ता बना । मना चल ओथे···
बहिनों प्रभु की शरणी आयो
ओत्थे आवागमन मिटा ।
जित्थे रहन दे ने शाहन शाह । मना चल ओथे···

❀ ❀ ❀ ❀

ऊधो मुझे सन्त सदा अति प्यारे,
जा की महिमा वेद उचारे ।
मेरे कारण छोड़ जगत के भोग पदारथ सारे,
निशि दिन ध्यान धरें हृदय में,
सब घर के काज विसारे । ऊधो मुझे सन्त··स
मैं सन्तन के पीछे जाऊं जहां जहां सन्त सिधारे ।
चरणन् रज निज अङ्ग लगाऊं साधे गात हमारे ॥
संत मिले तब मैं मिल जाऊं संत न मुझसे न्यारे ।
बिन सन्तन मुझे पावे नहीं कोटि जतन करि डारे ॥
जो संतन के सेवक जग में सो सेवक हैं मेरे ।
ब्रह्मानन्द संत कृपा से भव बन्धन कटि डारे ॥

ऐसा कोई सन्त मिले जेड़ा तार हरी नाल वे जोड़े,
सन्त मिलन दा बड़ा महत्तम दुर्लभ देह है सन्त समागम,
जेड़ा सुतयां नू ज्ञान जगावे ऐसा कोई सन्त मिले,
जेड़ा मन दीयां वगां मोड़े कि ऐसा कोई उपदेश मिले।
इक मनीराम दे पञ्च हैं वैरी, पांच ने वैरी हो हैं नाग ने जहरी
जेड़ा पञ्जां विचों इक वी न छोड़े, ऐसा कोई सन्त मिले।
मनवा इधर उधर क्यों फिरया चञ्चल मन नूं वश नहिं करिया
जेड़ा मोह दे बन्धन तोड़े, ऐसा कोई सन्त मिले।
ऐसा कोई उपदेश सुनावे सुनकर मनवा अमल कमावे,
मन इधर उधर ना भटके, ऐसा कोई सन्त मिले।

मन तो मेरा हर लिया गोविन्द माधव श्याम ने,
कृष्णा कृष्णा मैं पुकारूं तेरे दर के सामने।
बंसी वाले अपनी वंशी फिर सुनाजा आनकर,
तेरी चर्चा हम करेंगे हर बशर के सामने। मन०
खम्भ से प्रह्लाद को तूने बचाया आनकर,
द्रोपदी की लाज राखी कौरव दल के सामने। मन०
मेरी ख्वाहिश है फकत कृष्णा तेरे दीदार की,
इस लिये धूनी रमाई तेरे दर के सामने। मन०

कृष्ण जी इस दासी को दर्शन दिखा दो आनकर,
मैं तुम्हारे सामने हूँ तुम हमारे सामने । मन०

—★★—

दाता तेरा मेरा प्यार कदी न बदले,
चाहें सूरज बदले चाहें चाँद बदले ।
राम (श्याम) तेरा मेरा प्यार कदी न बदले ॥
चाहें आकाश बदले चाहें धरती बदले ।
चाहें सास बदले चाहें ससुर बदले ॥
दाता तेरा मेरा प्यार कदी न बदले ॥
चाहें भाई बदले चाहें बहिन बदले ।
चाहें सुख बदले चाहें दुख बदले ॥
राम तेरा मेरा प्यार कदी न बदले ॥

—००—

हरि (प्रभु) को सिमर तेरा जीवन बीता जाए,
हरि के बिना न कोई बिगड़ी बनाए रे, बिगड़ी०
दुनियां की चीजों में ढूंढ़ता तू सुख है,
मिलता तुझे सुख की जगह भी दुख है ।

उसका जो बन जाए पाए सदा सुख रे । सदा सुख०
दुनियाँ में दुनियां का तू बन न दिवाना,
दो चार दिन तेरा इसमें है ठिकाना।
मोह न लगा न लगा तू यह है सराय रे । हरि०
तन से तू कर सारे दुनियां के धन्धे,
मन से तू कर याद ईश्वर को वन्दे।
भोग होते हुए भी तू योगी बन जाए रे ॥ हरि०
उस मालिक की सच्ची दासी बन ऐसी,
तुलसी कबीर ध्रुव प्रह्लाद जैसी।
मरने के बाद दुनियां यश तेरा गाए रे । हरि०

—०—

मीरा ले ले तेरा नाम
ठूठे बन बन शाम लोकी हंसन ते आखन दिवानी हो गई,
राणा ने भेजा जहर दा प्याला,
मारे ओनूं कौन जेहदा शाम रखवाला,
कहती दुनियां तमाम मीरा हो गई बदनाम । लोकी…
राणा ने भेजी जहर पिटारी,
मीरा ने पाये दर्शन कृष्ण मुरारी,
छडे सारे धन धाम, छडे महलां ते आराम । लोकी…

पैरां विच घुंघरू ते हथ कड़ताला,
नाच नाच फेरे मीरा नाम दी माला,
